ANNUAL EXAMINATION (2026-27)

Class : VI — Duration : **1 Hrs**
Date **:10.06.2026** — **SET II** — Max. Marks : **25**

सामान्य निर्देश:- 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 06 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमांक प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्यं पढ़ें ।

प्रश्नपत्रस्वरूप- भाग 'क' : अपठित गद्यांश — 7 अङ्क
भाग 'ख' : व्याकरण — 11 अङ्क
भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक — 7 अङ्क

खंड क (अपठित बोध)

समय हमारे जीवन का सबसे मूल्यवान धन है। यह एक बार निकल जाने पर वापस नहीं आता। जो व्यक्ति समय का सही उपयोग करता है, वह जीवन में सफलता प्राप्त करता है। समय कभी किसी के लिए रुकता नहीं है, इसलिए हमें हर कार्य समय पर करना चाहिए। विद्यार्थी यदि समय पर पढ़ाई करें, तो वे अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं। समय का पालन करने वाला व्यक्ति अनुशासित और मेहनती बनता है। जो लोग समय नष्ट करते हैं, वे अपने कार्य पूरे नहीं कर पाते और बाद में पछताते हैं। महान व्यक्तियों ने भी समय का महत्व समझकर ही सफलता प्राप्त की है। हमें समय का मूल्य पहचानना चाहिए और हर क्षण का सदुपयोग करना चाहिए।

1. समय हमारे जीवन का क्या है? (1)
   (क) खेल — (ख) मूल्यवान धन
   (ग) खिलौना — (घ) मित्र

2. कौन व्यक्ति सफलता प्राप्त करता है? (1)
   (क) जो समय नष्ट करता है — (ख) जो समय का सही उपयोग करता
   (ग) जो आलसी होता है है — (घ) जो सोता रह(ता है

3. विद्यार्थी अच्छे अंक कैसे प्राप्त कर सकते हैं? (1)
   (क) खेलकर — (ख) समय पर पढ़ाई करके
   (ग) घूमकर — (घ) सोकर

4. समय नष्ट करने वालों को क्या हानि होती है? (2)
5. हमें समय के बारे में क्या सीख मिलती है? (2)

खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण)

प्रश्न.2 भाषा और व्याकरण पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- [4]

(i) सांकेतिक भाषा की परिभाषा लिखिए **?**
(ii) मातृ भाषा किसे कहते है **|**
(iii) लिखित भाषा का एक उद्हारण लिखिए ?

(iv) राष्ट्रीय भाषा किसे कहते है ?

प्रश्न.3 वर्ण विचार पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- [4]

(i) हिंदी में स्वरों की संख्या कितनी होती है |

(ii) हिंदी में व्यंजनो की संख्या कितनी होती है

(iii) दो हस्व स्वरों का नाम लिखिए |

(iv) दो अनुनासिक कोई दो शब्द लिखिए |

प्रश्न.4 शब्द रचना पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-(कोई तीन **)** {3)

(i) तद्भव शब्द की परिभाषा लिखिए

(ii) दिवस का तद्भव शब्द लिखिए |

(iii) शब्द के कितने भेद होते है ?

(iv) कोई एक विदेशज शब्द लिखिए |

<u>खंड ग</u> <u>(**पाठ्यपुस्तक**)</u>

प्रश्न**.5** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**:-** [4]

(i) हम सब पर किसकी छाया है **?**

(ii) मिस्टर अब्राहम ने बेंजी को उपहार के रूप में क्या और क्यों दिया **?**

प्रश्न**.6** नीचे दिए गए दीर्घ प्रश्नो के उत्तर लिखिए **:** **(**कोई एक**)** **[3]**

(i) इस पाठ में बेंजी ने मिस्टर अब्राहम की जान कैसे बचाई तथा मिस्टर अब्राहम ने बेजी को क्या दिया **?**

(ii) भूल गया है क्यों इनसान कविता का मूलभाव अपने शब्दों में लिखिए **?**

==========================समाप्त===========================